महत्वपूर्ण एवं खास

गांधी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले कालीचरण महाराज 1 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर

रायपुर (आरएनएस)। महात्मा गांधी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले कालीचरण महाराज को कोर्ट ने 1 जनवरी तक के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। अब दो दिन तक कालीचरण महराज जेल में रहेंगे। मध्यप्रदेश के खजुराहो से कालीचरण महराज की गिरफ्तारी होने के बाद उन्हें आज रायपुर जिला कोर्ट में पेश किया गया। उन्होनें जमानत याचिका की दायर भी की थी, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई नहीं हुई। बता दें कि कोर्ट में पेश करने से पहले कालीचरण की जांच कराई गई, जिसमें एंटीजन टेस्ट निगेटिव, सुगर की सभी जांच में कालीचरन पास हो गए। कालीचरण ने राजधानी रायपुर में आयोजित धर्म संसद में महात्मा गांधी को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। वहीं, आज तड़के खजुराहो से कालीचरण की गिरफ्तारी की गई थी।

खाद्य अधिकारी संजय दुबे को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया

रायपुर (आरएनएस)। महात्मा गांधी पर टिप्पणी करने वाले खाद्य अधिकारी संजय दुबे को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। जेएमएफसी कोर्ट ने संजय दुबे की जमानत याचिका खारिज कर दी है। ज्ञात हो कि खाद्य अधिकारी संजय दुबे ने रायपुर में आयोजित धर्म संसद में कालीचरण महाराज के द्वारा महात्मा गांधी पर की टिप्पणी का समर्थन किया था तथा महात्मा गांधी के खिलाफ फेसबुक पर अशोभनीय टिप्पणी की थी। इस मामलें को लेकर समाज में वैमनस्यता फैलाने सम्बन्धी टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए हीरा नागर्ची नामक व्यक्ति ने गंज थाने में शिकायत की थी। शिकायत पर आरोपी संजय दुबे के विरूद्ध धारा -153क, 505 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जिसके बाद आरोपी संजय दुबे की गुरूवार को गिरफ्तारी हुई थी तथा शुक्रवार को जेएमएफसी कोर्ट में पेश किया गया था जहां कोर्ट ने संजय दुबे को 14 दिनों की न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने की युवक की हत्या

राजनांदगांव (आरएनएस)। राजनांदगांव जिले के औंधी थाना के निडेली गाँव में नक्सलियों ने मुखबिर के शक में युवक की बेरहमी से हत्या कर दी है। वारदात के बाद नक्सलियों ने शव को गाँव के बाहर फेंक दिया। इस वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। और घटनास्थल से नक्सली पर्चा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि नक्सलियों ने देर रात युवक को घर से उठाकर ले गए थे। वही आज गांव के बाहर लाश मिली है।

बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई,युवक की मौत

रायपुर (आरएनएस)। बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने से एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक हेमंत पाल पिता गिरधारी पाल उम्र 33 साल निवासी दंतेश्वरी चौक वार्ड नंबर 13 रांवाभाटा थाना खमतराई ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 28 दिसंबर को रात 1 बजे उसके दोस्त ने फोन पर सूचना दी की प्रार्थी का छोटा भाई सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि प्रार्थी का भाई ग्राम मांढर से अपने दोस्तों के साथ रावाभांठा आ रहा था तभी रात 12.30 बजे के करीब आयुष पेट्रोल पंप धनेली के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे उसके सिर एवं आंख के पास गंभीर चोट लगने पर 108 वाहन के माध्यम से इलाज के लिए मेकाहारा अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में रखा गया था,हालत में सुधार नही होने पर प्रार्थी उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी 29 दिसंबर को इलाज के दौरान 3:30 बजे दोपहर को मृत्यु हो गई।

कोविड-19 तथा ओमिक्रान वैरिएंट के संक्रमण से बचाव तथा रोकथाम के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में कोविड-19 तथा ओमिक्रान वैरिएंट के संक्रमण से बचाव तथा रोकथाम के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत कोविड अनुरूप व्यवहार का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इसमें मॉस्क तथा सेनेटाइजर के उपयोग सहित सोशल डिस्टेसिंग पर विशेष ध्यान देने के लिए जोर दिया गया है। इसी तरह कोविड-19 के प्रकरणों के अनिवार्य रूप से जांच तथा सक्रिय प्रकरणों के क्षेत्र में कन्टेनमेंट जोन हेतु पूर्व में जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

इस तारतम्य में राज्य स्तर पर कोविड-19 महामारी के प्रबंधन हेतु संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रतिदिन 24 घंटे खुला रहेगा। उक्त राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 0771-2235091 है। इसी तरह जिला स्तर पर कोविड-19 कंट्रोल रूम को तत्काल सक्रिय करते हुए कंट्रोल रूम का फोन नंबर मीडिया को जारी कर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि कोविड-19 कंट्रोल रूम में कोविड-19 की जांच, कांटेक्ट ट्रेसिंग, होम आइसोलेशन, हॉस्पिटल एडमिशन एवं

कन्टेनमेंट जोन की जानकारी प्रतिदिन तैयार की जाए और शाम 7 बजे तक राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम को इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से भेजी जाए।

राज्य शासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिलेवार कोविड-19 की जांच में विशेष ध्यान रखा जाए। जांच का यह कार्य वहां जिले में किसी भी स्थिति में लक्ष्य से कम न हो। जिले में अन्य राज्यों से वायु मार्ग, रेल अथवा सड़क मार्ग से आने वाले व्यक्तियों की जांच हेतु क्रमशः एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड एवं अन्य राज्यों के सीमावर्ती सड़क पर जांच की व्यवस्था कर कोविड-19 जांच किया जाए। प्रत्येक जिले से आरटीपीसीआर जांच में धनात्मक प्रकरणों के 5 प्रतिशत जांच हेतु डब्ल्यूजीएस भुवनेश्वर भेजा जाए। जिले में विदेश यात्रा कर आने वाले व्यक्तियों के सैंपल जांच हेतु दिशा-निर्देश के अनुसार धनात्मक आने पर डब्ल्यूजीएस जांच हेतु भेजा जाए। जिले अंतर्गत संचालित समस्त फैक्ट्री एवं कारखानों से इस बाबत प्रमाण पत्र लिया जाए कि उसमें कार्यरत सभी व्यक्तियों की कोविड जांच की जा चुकी है तथा बिना कोविड जांच का कोई भी व्यक्तिउक्त संस्थान में कार्यरत नहीं है। जिस गाँव में कोविड-19 का एक भी सक्रिय प्रकरण है उसे उस प्रकरण के सक्रिय रहने तक कन्टेनमेंट जोन बनाया जाए। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में जिस वार्ड में एक भी सक्रिय प्रकरण है, उसे उस प्रकरण के सक्रिय रहने तक कन्टेनमेंट जोन बनाया जाए। कन्टेनमेंट जोन हेतु पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया जावे।

कोविड-19 धनात्मक मरीज का कांटेक्ट ट्रेसिंग कर संपर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों की टेस्टिंग की जाए एवं टेस्टिंग रिपोर्ट आने तक हेतु होम क्वारंटाइन किया जावे। सभी धनात्मक प्रकरणों को 14 दिवस के लिए होम आइसोलेशन में रखा जाए। विदेश यात्रा से आने वाले सभी व्यक्तियों को तब तक होम क्वारंटाइन में रखा जाए, जब तक जिले में किये गए जांच में उनके निगेटिव रिपोर्ट ना आ जाए। पॉजीटिव मरीजों के कॉन्टेक्ट्स को तब तक होम क्वारंटाइन में रखा जाए, जब तक जिले में किये गए जांच में उनके निगेटिव रिपोर्ट ना आ जाए।

चौथी लाइन का जोड़ने के दौरान रद्द हुई 37 ट्रेने फिर से शुरु

रायपुर (आरएनएस)। बिलासपुर मंडल के ब्रजराजनगर-ईब स्टेशनों के बीच चौथी लाइन को जोड़ने के कारण रद्द की गई 37 ट्रेनें शुक्रवार से चलने लगेंगी। इसमें सभी एक्सप्रेस व लंबी दूरी की ट्रेनें हैं। ऐन शीतकालीन छुट्टी के मौके पर ट्रेनों को रद्द करने से कई लोग बाहर नहीं जा पाए। उसी रूट की ट्रेनों में बर्थ पैक होने के कारण उनकी परेशानी और बढ़ गई थी।

अब छुट्टी भी खत्म हो गई, लेकिन नए साल में घूमने जाने वालों को इससे फायदा होगा। जो ट्रेन शुरू हो गई है, उनमें कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस, पोरबंदर-संतरागाछी एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस शामिल है। इसके अलावा वलसाड-पुरी, बिलासपुर-पटना, हटिया-कुर्ला एक्सप्रेस, हावड़ा-साईनगर शिरडी एक्सप्रेस, बिलासपुर- टिटलागढ़ पैसेंजर स्पेशल, टिटलागढ़ बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल,विशाखापत्तनम-अमृतसर एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है।

इसी तरह उदयपुर-शालीमार, कामाख्या-कुर्ला एक्सप्रेस, मुंबई-हावड़ा एक्सप्रेस, अमृतसर -विशाखापत्तनम एक्सप्रेस, कुर्ला-हटिया एक्सप्रेस, हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस, सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस, शालीमार-उदयपुर, बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस का परिचालन हो रहा है। नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस, इंदौर-पुरी एक्सप्रेस, पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस, पुरी-इंदौर एक्सप्रेस व कुर्ला-पुरी एक्सप्रेस शुरू होने से यात्रियों को राहत मिली है।

गांधी हमारा अभिमान कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री सहित मौन धरने पर बैठे

रायपुर (आरएनएस)। शहर के रावनभांठा मैदान में आयोजित धर्म संसद में महाराष्ट्र से आये संयासी कालीचरण महाराज द्वारा राष्ट्र पिता महात्मागांधी के खिलाफ पुराने कांग्रेस भवन स्थित गांधी मैदान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के नेतृत्व में गांधी हमारे अभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा संत कालीचरण द्वारा महात्मा गांधी के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने पर कड़ी आप्ति व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि गांधी का अपमान करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाही की जायेगी।

इस संबंध में रायपुर में कांग्रेस के तमाम नेता मौन धरने पर बैठ गए। गांधी मैदान में खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मौन धरने में शामिल होने पहुंचे। यहां पार्टी के अध्यक्ष मोहन मरकाम भी मौजूद रहे। गांधी को धर्म संसद में अपशब्द कहे जाने के बाद पार्टी ने 'गांधी हमारे अभिमान' कार्यक्रम रखा था। यहां रघुपति राघव राजा राम, गांधी मेरा अभिमान सबको सन्मति दे भगवान जैसे भजन गाए गए। कुछ छोटे बच्चे मंच पर गांधी की वेशभूषा में थे।

कार्यक्रम में कुछ देर मौन धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री ने मंच से सभी को संबोधित किया। उन्होंने कहा वो कालीचरण है या गालीचरण है, गाली देने के लिए भेजा गया था क्या? छत्तीसगढ़ में उन्हें कभी नहीं देखा गया, अचानक प्रकट हुए और महात्मा गांधी के हत्यारे गोडसे की प्रशंसा करने लगे। महात्मा गांधी के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। धर्म संसद में इस तरह की बातें की गई।

भूपेश बघेल 26 दिसंबर को रायपुर की धर्म संसद में महाराष्ट्र के संत कालीचरण द्वारा दिए गए बयान को लेकर अपनी प्रतिक्रिया मंच से दे रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि धर्म संसद में जो बातें होती हैं सब जानते हैं, धार्मिक बातें होती हैं। वहां राजनीति और महात्मा गांधी के खिलाफ बातें हुई। सन् 1934-35 में जब महात्मा गांधी रविंद्र नाथ टैगोर के आश्रम में गए, तो टैगोर ने उनके स्वागत में गीत लिखा एकला चलो रे ..। तब उन्होंने स्वागत भाषण में महात्मा शब्द का प्रयोग किया।

ऑनलाइन लोन की चाह में आकर सीएसईबी कर्मी ने गवाएं 97.25 लाख

कोरबा (आरएनएस)। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के बैंक में आनलाइन आवेदन करने वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी सीएसईबी कर्मी को दिल्ली से बैठ कर ठगी करने वाले गिरोह की चपेट में आ गया। ठगों ने लोन स्वीकृत कराने के नाम पर लोन की प्रक्रिया के लिए पहले 80 हजार शुल्क जमा कराया। युवक ने 15 लाख लोन के लिए आवेदन किया था, पर ठग उसे बढ़ा कर 30 लाख देने का झांसा दिए। युवक राशि जमा करता गया और उसे वापस एक साथ पाने की आस में 97.29 लाख रुपये तक ठगों के खाते में राशि जमा करा दिया। पुलिस ने इस मामले में दिल्ली से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर कोरबा ले आई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम आवासीय परिसर में निवासरत सीएसईबी कर्मी महेंद्र कुमार साहू ने 12 सितंबर 2020 को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन प्राप्त करने के लिए वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन जमा किया था। इसकी जानकारी ठगो को लग गई और खुद को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन का फर्जी अधिकारी बताते हुए किसी जयकिशन के नाम से उसे फोन किया गया और बैंक आफ बड़ौदा से 15 लाख रुपये लोन स्वीकृत हो जाने की जानकारी दी। साथ ही लोन प्रक्रिया पूरी करने के लिए 80 हजार शुल्क जमा करने कहा। इसके बाद लोन की स्वीकृत राशि उसके खाता में जमा करने एवज में 70 हजार फिर जमा करने कहा। इसके बाद अनिल दत्त नाम एक अन्य व्यक्ति बैंक अधिकारी बन कर अन्य नंबर फोन कर पांच फीसद जीएसटी व एनओसी के लिए 29 हजार 432 रुपये जमा करा लिया। अब महेंद्र को शंका होने लगा और वह लोन निरस्त करा देने का आग्रह करते अब तक जमा किए गए रूपये वापस मांगने लगा। तब ठगो ने नया जाल फेंका और तीसरा फर्जी अधिकारी सुनील दत्त के नाम से फोन कर संपर्क किया। उसने इस बार 15 से लोन की लिमिट बढ़ा कर 30 लाख रुपये कर स्वीकृत कर लिए जानकारी दी। इस चक्कर में एक बार फिर महेंद्र उनके चंगुल में फंसने लगा और पहले जमा करा चुके रुपयों को वापस पाने की लालच में एक साल के अंदर 97.29 लाख रुपये जमा कर दिए। तब जाकर इसकी शिकायत महेंद्र ने दर्री थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के दौरान साइबर सेल की मदद ली तो पता चला कि जिन नंबरों से काल आया था और जिन खातों में राशि जमा कराई गईए वह दिल्ली का है। साथ ही पुलिस यह भी पता लगा ली कि ठगी के इस गिरोह में नितिन कुमार 29 वर्ष निवासी विजय विहार फेस वन थाना विजय विहार पश्चिमी दिल्ली व विजय कुमार 26 वर्ष निवासी ग्राम निपनिया थाना इशवापुर जिला छपरा बिहार वर्तमान पता सेक्टर 58 नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश शामिल है। पुलिस ने दोनों को दिल्ली से गिरफ्तार कर धारा 420, 34 के तहत कार्रवाई की है। इनके पास से 1.30 लाख नगद, सोने-चांदी के जेवरात, फ्लैट के दस्तावेज, एक लैपटाप, वाइफाइ राउटर व अलग-अलग कंपनियों की सिम. बैंक खाते, एटीएम कार्ड व मोबाइल जब्त किया गया है।

कपड़े और जूते पर बढ़ी जीएसटी का कारोबारियों ने किया विरोध

रायपुर (आरएनएस)। नए साल के शुभारंभ के साथ ही कपड़े व जूते महंगे होने वाले है। एक जनवरी से कपड़े और जूते में जीएसटी में बढ़ोतरी हो रही है। गुरुवार शाम इसके विरोध में कपड़ा कारोबारियों ने अपने संस्थान के बिजली बंद करके जीएसटी के विरोध में नारेबाजी की। पंडरी थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष चंदर विधानी ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कपड़ा बाजार के सभी व्यापारी शाम सात बजे गेट नंबर दो पर इकट्ठा हुए। सभी व्यापारियों ने अपने संस्थानों के बिजली बंद कर दिए थे और कपड़े पर बढ़ी हुई जीएसटी वापस लेने की मांग की।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार जीएसटी में बढ़ोतरी से कपड़े व जूते दोनों की कीमतों में बढ़ोतरी होगी। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष चंदर विधानी, रेडीमेड एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय मुकीम के साथ ही बड़ी संख्या में कारोबारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि एक जनवरी से कपड़ों में जीएसटी दरों में पांच फीसद से बढ़ाकर 12 फीसद किया जा रहा है। इससे कपड़े की कीमतों में सीधे-सीधे सात फीसद की बढ़ोतरी हो जाएगी।

बिलासपुर यार्ड में इंजन के पटरी से उतरने से कई गाड़ियो का परिचालन प्रभावित रहा

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर यार्ड में आज सुबह इंजन पटरी से उतरने के कारण कई गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहा।

रेल मंडल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर यार्ड में आज सुबह इंजन पटरी से उतर गया, जिसके कारण आज प्रभावित हुई गाड़ियों में गेवरा से चलने वाली 08745 गेवरा-रायपुर पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त की गई, गेवरा से चलने वाली 18239 गेवरा-इतवारी एक्सप्रेस बिलासपुर से ही रवाना की गई, इतवारी से चलने वाली 12856 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस भाटापारा में समाप्त की गई, डोगरगढ़ से चलने वाली 08706 डोगरगढ़-बिलासपुर एक्सप्रेस रायपुर में समाप्त हुई, बिलासपुर से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर एक्सप्रेस 45 मिनट देर से रवाना की गई। इसी प्रकार गेवरा एवं रायपुर से चली 08745/08746 गेवरा-रायपुर-गेवरा पैसेंजर बिलासपुर एवं रायपुर के बीच रद्द रही, वहीं गोंदिया से चलने वाली 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर भाटापारा एवं झारसुगुड़ा के बीच रद्द, रैक का अभाव में झारसुगुड़ा से चलने वाली 08862 झारसुगुड़ा- गोंदिया पैसेंजर, गेवरा से चलने वाली 18239 गेवरा-इतवारी एक्सप्रेस गेवरा एवं बिलासपुर के बीच रद्द रही। बिलासपुर से चलने वाली 12855 बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस भाटापारा एवं बिलासपुर के बीच, डोगरगढ़ से चलने वाली 08706 डोगरगढ़-बिलासपुर एक्सप्रेस रायपुर एवं बिलासपुर के बीच रद्द रही।

इधर यात्री सुविधाओ के लिए कुछ एक्सप्रेस गाड़ियों को आज पैसेंजर बनाकर चलाया गया, जिनमें बिलासपुर पहुचने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस को बिलासपुर एवं भाटापारा के बीच एवं बिलासपुर पहुचने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस को झारसुगुड़ा एवं रायगढ़ के बीच पैसेंजर बनाकर चलाया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बॉडी के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

छत्तीसगढ़ कृषि शिक्षा प्रणाली कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी राज्यपाल

रायपुर (आरएनएस)। नए वर्ष की शुरूआत छत्तीसगढ़ में नई कृषि शिक्षा प्रणाली तैयार करने पर विचार मंथन से होने जा रही है। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके एक जनवरी, 2022 को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में ''राष्ट्रीय कृषि शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छत्तीसगढ़ कृषि शिक्षा प्रणाली'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगी। कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में दोपहर 12 बजे आयोजित शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शासन में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में धरसींवा, विधायक श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि पंचांग-2022, कृषि ई-पंचांग एवं विश्वविद्यालय के अन्य प्रकाशनों का विमोचन होगा। इस कार्यक्रम में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा विश्वविद्यालय के मेधावी छात्रों का सम्मान भी अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके कृषि विश्वविद्यालय प्रवास के दौरान विश्वविद्यालय के प्रीसीजन फार्मिंग केन्द्र का भी आवलोकन करेंगी। विश्वविद्यालय के प्रीसीजन फार्मिंग केन्द्र में त्रि-स्तरीय खेती का प्रदर्शन किया गया है। प्रथम लेयर में मौसमी हाई वैल्यू फसलें जैसे - ब्रोकली, रेड कैबेज, नोल-खोल, लेट्यूस आदि की खेती की जा रही है। द्वितीय लेयर में छे माहा के आस-पास की अवधि फसलें जैसे अदरक की खेती की जा रही है। इसके साथ ही तीसरे लेयर के रूप में पपीते जैसी लगभग दो साल अवधि की फसलों की खेती की जा रही है। इसी प्रकार सब्जियों के साथ ड्रैगन फरूट जैसी हाई वैल्यू फसलों की खेती की जा रही है। खेती के इस मॉडल से किसानों को वर्ष भर आमदनी होती रहेगी। इसके पश्चात राज्यपाल महोदया विश्वविद्यालय के अक्ति जैव विविधता संग्रहालय का भ्रमण करेंगी जहां धान, अलसी एवं तिवड़ा की लगभग 28 हजार प्रजातियों का संग्रहण किया गया है एवं डिजिटल माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। राज्यपाल महोदया यहां फायटो सेनेटरी प्रयोगशाला का अवलोकन भी करेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित फायटो सेनेटरी प्रयोगशाला को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) द्वारा प्रमाणित किया गया है जिससे यहां 70 विभिन्न फसलों में कीटनाशक अवषेशों एवं रोगाणुओं की जांच हेतु मान्यता प्राप्त हुई है। इससे छत्तीसगढ़ के किसान अपनी फसलों की जांच यहां करवाकर उनका निर्यात कर सकेंगे। कार्यक्रम स्थल पर विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित विभिन्न महाविद्यालयों, अनुसंधान केन्द्रों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जहां कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी, अनुसंधान कार्यों तथा जैव विविधता को प्रदर्शित किया जाएगा।